newsjankalyanseva@gmail.com www.jksnews.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - १७ | १५ से २१ मई २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## कर्नाटक में बीजेपी का मास्टरस्ट्रोक

दिल्ली से बेंगलुरू गया फोन, रातों रात कांग्रेस से पहले बीजेपी ने होटल बुक किया जेडीएस नहीं देगी कांग्रेस का साथ, क्या देवगौडा मोदी से मिलाएंगे हाथ ? कर्नाटक चुनाव ने इशारा कर दिया, मोदी का जलवा फीका पडा, अब जब तक योगी नहीं आएंगे, बीजेपी जीत नहीं पाएगी. पहले हिमाचल में हार, अब कर्नाटक में बनेगी कांग्रेस की सरकार वो कौन हा जिसने मोदी से छल करके बीजेपी को चुनाव हरा दिया? कर्नाटक चुनाव के नतीजे आ गए, और नतीजे ऐसे जिसमें बीजेपी के लिए अच्छे संकेत नहीं दिख रहे है, लेकिन हम आपको कहे की बीजेपी कर्नाटक की बाजिगर नीकली तो शायद आपको हैरानी होगी लेकिन ऐसा ही है. बीजेपी कर्नाटक में हार कर भी जीत गई और कांग्रेस जीतकर भी हार गई, यह कैसे हुआ हम आपको बता ते है. भले ही अती उत्साह में पार्टी के सर्मथक यह दावा कर रहे हो की २०२४ के लोकसभा चुनाव पर इसका असर पडऩे वाला है, लेकिन इतिहास देख कर ऐसा लगता नहीं. २०१८ विधानसभा में भी कांग्रेस मध्यप्रदेश में सबसे बडी पार्टी बन गई थी, तब कांग्रेस ने कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ. में सरकार बनाई थी लेकिन २०१९ के लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रर्दशन बदतर ही रहा. यह तक की चुनावी नतीजो की बात करें तो कांग्रेस फीलहाल १३७ सीटें पर है. जबकी बीजेपी ६३ सीटों पर, जेडीएस २० सीटों को हासील करते दिख रही है. वोट प्रतिशत की बात करे तो कांग्रेस को करीब ४३ जबकि बीजेपी को करीब ३६ प्रतिशत वोट मिले, जेडिएस का वोट प्रतिशत १३.९ प्रतिशत है. अब २०१८ के चुनाव से तुलना करते है. २०१८ में बीजेपी को १०४ सीटे आई थी और वह उस समय की सबसे बडी पार्टी बनकर उभरी थी, वहीं दुसरे नंबर पर आई कांग्रेस को ८० सीटे मिल थी जबकी जेडिएस के ३७ उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी. इस तरह की से देखे तो बीजेपी को ३९ सीटे का और जेडिएस को १७ सीटों को नुकसान मिला. वोट प्रतिशत की बात करें तो ५ साल पहले बीजेपी के खाते में ३६.३५ वोट आए थे जबकी कांग्रेस को ३८.१४ प्रतीशत और जेडीएस की बात करें तो १८.३ प्रतीशत. अगर इस बार सारे वोटो को देखें तो बीजेपी को ३६.३ प्रतीशत के आस-पास वोट मिले, जेडिएस का वोट प्रतीशत घता है जो कांग्रेस की तरफ गया है, यानी बीजेपी को कोई नुकसान नहीं हुआ. कांग्रेस ने बेंगलुरु के ५ स्टार होटल में ५० कमरे बुक किए है, जिते हुए विधायकों को रात ८ बजे तक होटल पहुंचने को कहा गया. कल कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी, लेकिन खबर है की एक होटल बीजेपी ने भी बुक कर रखी है. अब कांग्रेस में फुट पडऩे का खरते पैदा हो गया है, इसके पीछे के सबसे बडी वजह है उसी पार्टी के तीन नेता. पहला नाम सिद्धारमैया का है जो पहले मुख्यमंत्री रह चुके है, दुसरा नाम डीके शिवकुमार, तीसरा नाम है मल्लिकार्जुन खडग़े. नतीजे जैसे ही आए डीके शिवकुमार भावुक हो गए, कहां जा रहा है की इस चुनाव में सारा मैनेजमेंट डीके शिवकुमार का था और

शेष पृष्ठ २ पर

## बावरिया गैंग कानून के शिकंजे में, पुलिस ने लौटाया माल

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : बागेश्वर बाबा के नाम से चर्चित संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मीरा रोड में हुए धार्मिक कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के गले से सोने की चेन-मंगलसूत्र चुराने वाले बावरिया गैंग के ८ आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। हालांकि, इसके लिए पुलिस जांच दल को ३० दिनों तक विपरीत परिस्थितियों में राजस्थान के भरतपुर, अलवर जिले में अपराधियों की खोज करने में बिताने पड़े। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से ५० लाख रुपए मूल्य के ७८७ ग्राम वजन के स्वर्ण आभूषण बरामद किए हैं। शुक्रवार को मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के आयुक्त मधुकर पांडे तथा अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में १२ महिलाओं व एक पुरुष को उनके आभूषण लौटाए गए। यह सभी गिरोह बनाकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाते थे। चुराए गए स्वर्ण आभूषणों को अपने टीम लीडर को दे देते थे, जो उन आभूषणों को लेकर राजस्थान चला जाता था। बचे हुए सदस्य वापस अगली वारदात को अंजाम देने में जुट जाते




थे। इन अपराधियों को पकड़ने और चोरी हुए स्वर्ण आभूषणों की बरामदगी के लिए पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे के आदेश पर पुलिस उपायुक्त (क्राइम) अविनाश अंबुरे, यूनिट १ के पुलिस उपायुक्त जयंत बजबले, सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम) अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक विजय सिंह बागल तथा अविरज कुराड़े, वैंलाश टोकले, पुष्पराज सुर्वे आदि की टीम के साथ क्राइम ब्रांच यूनिट १, काशीमीरा व मीरा रोड पुलिस थाने की ४ अलग-अलग विशेष टीमें जांच में जुटी हुई थीं। जांच में जुटे पुलिस दल ने कार्यक्रम स्थल, नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी, मोबाइल, घटनास्थल तथा अमदाबाद राष्ट्रीय महामार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर आरोपियों को राजस्थान के भरतपुर व अलवर जिले से गिरफ्तार किया। बता दें कि १९ मार्च को मीरा रोड-पूर्व के एस के स्टोन स्थित मैदान में धीरेंद्र शास्त्री का दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ था। इस कार्यक्रम के दौरान भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर धक्का-मुक्की में ध्यान भटकाकर बावरिया गैंग के अपराधियों ने ६० महिला तथा एक पुरुष श्रद्धालु के गले से करीब ९९० ग्राम वजन के स्वर्ण आभूषण चुरा लिए थे।

## श्रीराम ज्वेलर्सवाला हुआ ठगी का शिकार, आरोपी गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : महिला की आवाज में ज्वेलर्स दुकान के मालिक से बात कर सोने की चूडियां बनाने का आर्डर देने के बहाने ठगने वाले दो पुरुष ठगों को क्राइम ब्रांच यूनिट १ काशीमीरा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ७ मई को महिला की आवाज में श्रीराम ज्वेलर्स के मालिक को फोन कर कहा था की वह डॉक्टर है और उसे ४ तोला के वजन का सोने की चूडिय़ां बनाने का ऑर्डर देना है। महिला की आवाज में बात करने वाले ठग ने ज्वेलर्स मालिक को साई आशीर्वाद हॉस्पिटल के पास यह कह कर बुलाया कि वह २ लाख रुपए एडवांस देगा। साथ ही उसने ज्वेलर्स मालिक से हॉस्पिटल के लिए २ लाख रुपए का छुट्टा भी लाने के लिए कहा। २ लाख रुपए का छुट्टा लेकर जब ज्वेलर्स मालिक साई आशीर्वाद हॉस्पिटल के पास पहुंचा तो वहां एक व्यक्ति ने उससे कहा कि तुम डॉक्टर मैडम के चूडी की साइज लेकर



आओ और यह पैसे यहीं रहने दो। इसके बाद वह व्यक्ति ज्वेलर्स द्वारा दिए गए २ लाख रुपए लेकर फरार हो गया था। जिसकी शिकायत ज्वेलर्स मालिक ने नवघर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस उप आयुक्त (अपराध) अविनाश अंबुरे, सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में इस अपराध की काशीमीरा क्राइम ब्रांच यूनिट - १ के पुलिस निरीक्षक अविराज कुराडे, सहायक पुलिस निरीक्षक कैलाश टोकले ,पुष्पराज सुर्वे की टीम समानांतर जांच कर रही थी। अपराध की तांत्रिक विश्लेषण के आधार पर महिला की आवाज में बात कर ठगी करने वाले नगिनदास पाडा, नालासोपारा निवासी आरोपी मनीष शशीकांत आंबेडकर तथा कर्जत,रायगढ. निवासी अनवर अली कादिर शेख को गिरफ्तार किया ।उनके पास से कुल नकद ९,५५० रुपए नगद तथा तीन मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में नवघर, भायंदर,आचोले, दादर मुंबई, नई मुंबई, पुणे, पनवेल, नाशिक,वापी ,बलसाड, सूरत ऐसे १९ पुलिस थानों के क्षेत्र में अपराध करने की बात स्वीकार की है।

## कर्नाटक में हुई जीत, मिरा भाईंदर में मनाया जश्न



**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : मीरा भायंदर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की शानदार सफलता के लिए मीरा रोड, शांति नगर स्थित हार्मनी कार्यालय के बाहर जश्न मनाया गया. केंद्रीय नेतृत्व द्वारा हुसैन को रायचूर जिले के सिंधनूर विधानसभा क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई, हुसैन को १० दिनों के लिए उस निर्वाचन क्षेत्र में डेरा डाला, प्रचार किया, बैठकें कीं, राजनीतिक रणनीति को सफलतापूर्वक लागू किया और उस निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार हापन गौडा ने जीत हासिल की। वोटों का एक बडा अंतर। मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि जनता विकास चाहती है, कर्नाटक के समझदार लोगों का मानना है कि जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने से देश की समस्याओं का समाधान नहीं होगा. इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोडक़र व नारेबाजी कर हुसैन का सम्मान किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में पार्टी पार्षद, पदाधिकारी और आम नागरिक शामिल हुए।

## पुलिस का सराहनीय कार्य, पिडीतो को मिला अपना सामान

**जेकेएस संवाददाता**

वसई : मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत परिमंडल ३ के पेल्हार, विरार, मांडवी, नालासोपारा व अर्नाला पुलिस थानों की हद में चोरों का शिकार बने पीड़ितों को कल पुलिस ने बड़ा तोहफा दिया। पुलिस ने पीड़ितों को चोरों से बरामद किया गया माल वापस लौटा दिया, जिससे नागरिकों के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली। पुलिस द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की नागरिकों ने जमकर प्रसंशा भी की है। मिली जानकारी के अनुसार, नालासोपारा, विरार पुलिस स्टेशन में मुद्देमाल



वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नालासोपारा, विरार पुलिस स्टेशन के अलावा पेल्हार, मांडवी व अर्नाला पुलिस स्टेशन के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में ५ पुलिस स्टेशनों में दर्ज विभिन्नमामलों के आरोपितों से सामान जप्त कर नागरिकों को वापस किया गया। पुलिस के मुताबिक, विभिन्न थानों में दर्ज चोरी, लूट, छिनैती व सेंधमारी जैसे गंभीर मामलों को पुलिस ने अपनी सूझ-बूझ एवं मेहनत से सुलझाया तथा अपराध की विवेचना के दौरान आरोपियों के पास से बरामद चोरी-लूट आदि लगभग ८३ लाख ७५ हजार ४८४ रुपए का कीमती सामान व मोबाइल फोन आदि नागरिकों को पुलिस अधिकारियों के हाथों वापस लौटाया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय के आदेश और परिमंडल ३ के पुलिस उपायुक्त सुहास बावचे के मार्गदर्शन पर विरार विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त रामचंद्र देशमुख व नालासोपारा विभाग के एसीपी चंद्रकांत जाधव की देखरेख में पीड़ित नागरिकों को उनका सामान वापस किया गया। इस मौके पर पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक वसंत लब्दे, विरार पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले, मांडवी पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक प्रफुल्ल वाघ, नालासोपारा पुलिस स्टेशन के पीआई विलास सुपे व अर्नाला थाने के पीआई कल्याणराव करपे आदि उपस्थित रहे।

## मीरा भाईंदर बनेगा स्वच्छ, अब सफाई होगी यंत्र से



भायंदर: विधायक गीता भरत जैन के विशेष प्रयास से मीरा भायंदर महानगर पालिका को बैटरी चालित मोटर गॉब्लर (सफाई मशीन) के क्रय हेतु २ करोड.४० लाख रुपये की धनराशि मूलभूत विकास योजनान्तर्गत उपलब्ध करायी गयी। राज्य सरकार के माध्यम से सुविधाएं तदनुसार, मीरा भायंदर पालिका ने ६ वार्ड समितियों में से प्रत्येक को २ सफाई मशीनें प्रदान की हैं। उक्त बैटरी चालित मोटर मशीन गॉबलर (सफाई मशीन) को २० लाख ५० हजार रुपये प्रति मशीन की लागत से खरीदा गया है। बैटरी से चलने वाली मोटर सक्शन मशीन गॉब्लर (क्लीनिंग मशीन) शहर की कचरा संग्रहण आवश्यकताओं के लिए डिजाइन की गई है घास के साथ-साथ लकडी, प्लास्टिक, कागज और एल्युमिनियम स्क्रैप से लेकर कांच और धातु तक सब कुछ आसानी से उठा लेता है। इस सफाई मशीन का उद्घाटन मीरा भायंदर पालिका में विधायक गीता भरत जैन द्वारा आयोजित किया गया था, जंहा मीरा भायंदर महानगर पालिका के आयुक्त दिलीप ढोले, अपर आयुक्त अनिकेत मनोरकर, उपायुक्त रवि पवार, उपायुक्त संजय शिंदे, नगर अभियंता दीपक खम्बित, जनसंपर्क अधिकारी राज घरात मौजूद थे

## रिश्वत के आरोप में पुलिसकर्मी

भायंदर, ! मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय को सक्षम बनाने सक्षम अधिकारी निरंतर प्रयत्नशील है लेकिन आज भी भ्रष्टाचार का कैंसर जगह जगह फेल चुका है ! मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय में कार्यरत दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा रिश्वत वसूलने के खिलाफ कार्यवाही की गई है ! प्राप्त जानकारी के अनुसार ३६ वर्षीय शिकायत कर्ता जो की पुलिस विभाग में ही कार्यरत बताया जाता है उनको अपने सातवे वेतन आयोग के अनुसार फर्क की राशि तथा मेडिकल बिल कोषागार कार्यालय में जमा करवाने थे जिस पर उनसे रिश्वत मांगी गई जिसकी शिकायत उन्होंने भ्रष्ठाचार निरोधक पालघर को करने पर भ्रष्ठाचार के आरोप में कथित आरोपी संजय पवार (४६) वरिष्ठ लिपिक पुलिस आयुक्तालय तथा गणेश वाघेरे (३२) को १५०० रुपए की रिश्वत के आरोप में एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है जबकि दूसरा कथित आरोपी छुट्टी पर बताया जा रहा है ! यह कार्यवाही एंटीकरप्शन के पुलिस अधीक्षक सुनील लोखंडे तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल घेरडीकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक स्वप्बन विश्वास,उप अधीक्षक नवनाथ जगताप तथा अन्य एंटीकरप्शन कर्मियों द्वारा की गई !

## मैसेज कॉल्स से सावधान रहें, ताकि फ्रॉड से बचा जा सके

**जेकेएस संवाददाता**

**भायंदर** : आज के दैनिक जीवन में नागरिक एक दूसरे से संवाद करने के लिए व्हाट्सएप का उपयोग बडे.पैमाने पर कर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए साइबर अपराधी व्हाट्सएप के माध्यम से नागरिकों को ठगने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। मुख्य रूप से वर्तमान में ८४, ६२, ६०, ९२ ऐसे नंबरों (मलेशिया, केन्या, वियतनाम, इथियोपिया) से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय नंबरों से आते है। ऐसे में अगर कॉल पिक की जाती है तो किसी न किसी वजह से लिंक, फोटो, वीडियो क्लिक करके रेटिंग या कुछ पैसे दिए जाने के लालच दिए जाते हैं। लेकिन इस तरह के लिंक, फोटो, वीडियो के पीछे मैलवेयर (वायरस) जुडे.होते है, जो मोबाइल डेटा को साझा करके आपके साथ धोखा किया जा सकता है। साइबर क्राइम सेल, मीरा भायंदर वसई विरार के पुलिस आयुक्त ने नागरिकों से एक सार्वजनिक अपील की है ऐसे मैसेज कॉल्स से सावधान रहें, ताकि फ्रॉड से बचा जा सके।

# अय्यर का छक्का इम्प्रेस हुई जैकलीन

केकेआर टीम को सपोर्ट करने पहुंची फिल्म अभिनेत्री जैकलीन वेंकटेश अ-यर के एक छक्के पर इतनी इम्प्रेस हो गई कि खड़े होकर अ-यर को इशारा करती हुई नजर आई। जैकलीन का यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है। हालांकि केकेआर की टीम को हार का सामना करना पड़ा मगर वेंकटेश का छक्का जैकलीन का दिल लूट ले गया।



अनुभवी गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन राजस्थान की ओर से दसवां ओवर डालने के लिए आए। इस दौरान वेंकटेश ने ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर अश्विन को दो दनदनाते छक्के जड़े। वेंकटेश के इन गगनचुंबी छक्कों को देख जैकलीन हैरान रह गई और उनका रिएक्शन वैंमरे में वैंद हो गया। जैकलीन काफी खुश हुई और वह हाथों से इशारा कर बताती भी नजर आई की वैंसे गेंद हवा में उड़ती चली गई। उनके इस रिएक्शन का वीडियो काफी वायरल हो रहा है।

# दिव्या और सरबजोत का कमाल : सोने पर लगाया निशाना

हिंदुस्थान की दिव्या टीएस और सरबजोत सिंह एक जोड़ी के रूप में तीसरी बार शानदार प्रदर्शन करने में सफल रहे। उन्होंने अजरबैजान के बाकू में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) विश्वकप में १० मीटर एयर पिस्टल की मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन ५५ टीमों के क्वालिफिकेशन दौर में ५८१ के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक वेः मुकाबले में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने सर्बिया के दिग्गज दामिर और जोराना अरुणोविच को १६-१४ से हराकर पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले काहिरा और भोपाल में हुए दो विश्वकप में भारतीय जोड़ी पांचवें स्थान पर रही थी। सरबजोत का यह लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने मार्च में भोपाल में व्यक्तिगत एयर पिस्टल में सफलता हासिल की थी। दिव्या का इस स्तर पर पहला सीनियर मेडल है। तुर्किये के इस्माइल केलेस और सिमल ने कांस्य पदक जीता। हिंदुस्थान पदक तालिका में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन एक स्वर्ण और एक रजत के साथ पहले स्थान पर चल रहा है।



# पर्पल और ऑरेंज कैप की रेस

आईपीएल २०२३ में एक तरफ टीमों के बीच टॉप ४ में जाने के लिए टक्कर हो रही है, वहीं दूसरी ओर प्लेयर्स के बीच सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप और सबसे ज्यादा विकेट लेकर पर्पल कैप पर कब्जा करने की जंग अब रोचक हो चली है। किस गेंदबाज के सिर पर पर्पल कैप सजेगी और किसके सिर पर ऑरेंज कैप:यह देखना अब दिलचस्प हो गया है। आईपीएल २०२३ के ५६ मैच हो चुके हैं। गुरुवार को हुए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ९ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। सीजन अब समाप्ति की ओर है, ऐसे में पर्पल कैप और ऑरेंज कैप की रेस में लगातार रोमांच देखने को मिल रहा है। पर्पल कैप की बात करें तो फिलहाल दो भारतीय गेंदबाज भी इसको कब्जे में लेने के लिए होड़ में हैं। राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल फिलहाल पर्पल कैप पर कब्जा किए हुए हैं। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ ४ विकेट लिए, इसी के साथ उनके १२ मैचों में २१ विकेट हो गए। वहीं दूसरे नंबर पर गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी हैं, जो ११ मैचों में १९ विकेट ले चुके हैं। इसके अलावा ऑरेंज कैप के लिए भी रोचक जंग देखने को मिल रही है। फिलहाल, आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कैप पर कब्जा किया हुआ है, जिनके ११ मैचों में ५७६ रन हैं। लेकिन खास बात यह है कि राजस्थान के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं। जायसवाल भी १२ मैचों में ५७५ रन बना चुके हैं।



# मुंबई की खुली जगह का रख-रखाव मनपा ही करे :नागरिकों की मुख्यमंत्री को चिट्ठी

मुंबई : मुंबई की खुली जगहों पर अतिक्रमण की प्रवृत्ति पर मुख्यमंत्री रोक लगाएं एवं राहत दें। मुंबई की खुली जगह का रख-रखाव मनपा ही करे। इस आशय का पत्र मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक नागरिक समूह द्वारा भेजा गया है। इन नागरिकों में अनिल गलगली, अशांक देसाई, भगवान रैयानी, देबाशीष बसु, डॉल्फी डिसूजा, नयना कठपालिया, शरद सराफ, शैलेश गांधी, सुचेता दलाल, रंगा राव शामिल हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि ४ मई को मुंबई में खुली जगहों पर अतिक्रमण की प्रवृत्ति पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की थी और मनपा आयुक्त ने मई २०२३ के अंत तक अंतिम मसौदा प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध किया है। मुंबईकरों को इस महत्वपूर्ण खुले स्थानों के मुद्दे पर किसी भी सार्वजनिक परामर्श की जानकारी नहीं है। लगभग आठ साल पहले हमारे उद्यानों, खेल के मैदानों और मनोरंजन के मैदानों को निजी पार्टियों को देने के लिए एक नीति पारित की गई थी, जिसे दत्तक ग्रहण और देखभालकर्ता नीति कहा जाता था। मुंबई के नागरिकों ने एक अभियान चलाया, जिसमें हमने अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस कब्जा नीति का विरोध करने के लिए बुलाया। इसका परिणाम यह हुआ कि तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने समझदारी से इसे रोक लिया। पत्र में लिखा है कि सभी जानते हैं कि हमारे देश में कब्जा सर्वशक्तिमान है और कानूनी कागजात लागू करने योग्य नहीं हैं। एक बार कानूनी अधिकार स्थापित हो जाने के बाद मनपा या राज्य सरकार आमतौर पर भूमि वापस पाने में असमर्थ होते हैं। नागरिक हमारे शासन की दुखद वास्तविकता से अवगत हैं। राज्य द्वारा किसी नागरिक की भूमि का अधिग्रहण करना आसान है, लेकिन ऐसे मामलों में वह अपनी भूमि वापस लेने को तैयार नहीं है। अब भी सार्वजनिक खुले स्थानों पर कुछ बड़े अवैध अतिक्रमणकारी हैं, जिन्हें कथित तौर पर गोद लेने या देखभाल करनेवाले के आधार पर दिया गया था।

# कर्नाटक में बीजेपी का मास्टरस्ट्रोक

उन्होंने पार्टी के लिए सबसे ज्यादा और जबरदस्त कैम्पनिंग की. इसकी अलावा साल २०१६ से लेकर २०१८ तक सिद्धारमैया ने कर्नाटक का मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके है, १३ मई को आए नतीजो के बाद सिद्धारमैया कांग्रेस पार्टी की पहली पसंद बन सकते है, हालांकि सिद्धारमैया ने अपने पीछले सरकार के दौरान कुछ ऐसे फैसले लिए थे जिससे उनके हिंदु वोटरों की लिस्ट कम कर चुकी थी, इसके उलट डीके शिवकुमार ने १२ मई को एक ट्विट किया जिससे यह साफ संकेत मिल रहा है की डीके शिवकुमार ने राज्य की मुख्यमंत्री की दावेदारी पेश कर दी है. इस विधानसभा चुनाव में बीजेपी को हराने का डीके शिवकुमार ने राजनैतिक और व्यक्तिगत दोनो रूप से लिया था, कहां जा रहा है की उसी अपमान का बदला अब लेने वाले है. क्योंकि डीके शिवकुमार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिग और टैक्स चोरी के आरोप लगे जिसके चलते साल २०१९ में दिल्ली के तीहार जेल में २ महीने बीताने पडे, हालांकि इस रेस में तीसरा नाम भी चल रहा है और वह नाम है मल्लिकार्जुन खडग़े का.ऐसा चर्चा का विषय है. मल्लिकार्जुन खडग़े कांग्रेस के राष्ट्री अध्यक्ष है अब देखना होगी की इस बार कांग्रेस की तरफ से कौन जितता है ? और क्या कांग्रेस अपने विधायकों को एक जुट रख पाती है या नहीं ? कहीं ऐसे तो नहीं मुख्यमंत्री बनने के चक्कर में उसके उपने ही नेती पार्टी को तीन धडो में बाट देंगे.











































# मच्छीवाली !



एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने फिल्मों में भले ही कमाल न दिखाया हो लेकिन अपने बेबाक जवाबों से वे हमेशा ही सभी का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं। सोशल मीडिया और अपनी किताबों के माध्यम से वे हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी पहली नौकरी से जुड़ा एक किस्सा सभी के साथ शेयर किया है। जहां उन्होंने बताया कि पहली नौकरी के दौरान उन्हें मछली और झींगा तक बेचना पड़ गया था। एक्ट्रेस ने बताया कि उनकी पहली नौकरी उनकी दादी की बहन की कंपनी में थी, वह एक मछली बेचनेवाली कंपनी थी। इस कंपनी में एक्ट्रेस को मछली और झींगा बेचने का काम दिया गया था। एक्ट्रेस को मछली बेचते देख लोग उनसे सवाल करने लगे थे कि क्या वह मछलीवाली हैं! वैस बता दें कि ट्विंकल को लंबे वक्त से किसी फिल्म में नहीं देखा गया है। एक्ट्रेस ने खुद को पूरी तरह से ग्लैमर की दुनिया से दूर कर लिया है। हालांकि, एक वक्त था जब पर्दे पर ट्विंकल खन्ना का राज चलता था। उन्होंने शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक के साथ काम किया और हिट फिल्में दी हैं।

# चिकन बर्गर खाना पड़ा भारी

रश्मिका मंदाना आज के समय की एक पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। अल्लू अर्जुन के साथ फिल्म पुष्पा में नजर आने के बाद वो हर तरफ छा गईं। लोग उनकी खूबसूरती के कायल हैं और उन्हें नेशनल क्रश कहा जाता है। वे लाखों लोगों के दिलों में बसती हैं। लेकिन खुद को पहले वेजिटेरियन बताना और बाद में एक एड के लिए चिकन बर्गर खाना उन्हें भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि इसके लिए उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल, कुछ समय पहले ही वो एक बर्गर ब्रांड के एड वीडियो में नजर आई हैं, जिसमें उन्हें चिकन बर्गर खाते हुए दिखाया है। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि पहले रश्मिका ने बताया कि वो वेजिटेरियन हैं, लेकिन अब चिकन बर्गर खा रही हैं। वहीं अब इसी को लेकर लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया था, जिस पर एक यूजर ने कमेंट किया, डबल स्टैंडर्ड, पहले कहा कि मैं वेजिटेरियन हूं और अब चिकन बर्गर खा रही हैं और उसे प्रोमोट भी कर रही हैं। वहीं एक दूसरे यूजर ने इस पर रिएक्ट करते हुए लिखा, वेजिटेरियन रश्मिका मंदाना ने चिकन बर्गर एंजॉय किया। सितारे और उनके हाइपोक्रेसी।



# दूसरी दीपिका !

बॉलीवुड की हसीनाएं अपनी अदाकारी के साथ ही अपने फैशन सेंस को लेकर भी काफी मेहनत करती हैं। कब क्या पहनना है इस बात का वे काफी खयाल रखती हैं। एक्ट्रेसेस के तमाम चाहनेवाले उनके लुक्स और उनके आउटफिट्स को कॉपी करते हैं। हालांकि, ये आम बात है। लेकिन जब ये कॉपी की आदत किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस को लग जाए तो उन्हें काफी खरी-खोटी सुनने को मिलती है। हम यहां बात कर रहे हैं एक्ट्रेस आलिया भट्ट की, जिन पर कॉपीवैंट का इल्जाम लग रहा है। दरअसल, उन्हें एक नहीं, बल्कि कई बार दीपिका पादुकोण के लुक को कॉपी करते हुए पाया गया है। इन दिनों सोशल मीडिया पर दीपिका और आलिया की एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें आलिया ने हूबहू दीपिका जैसे कपड़े पहने हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब आलिया ने दीपिका जैसी ड्रेस पहनी है, बल्कि कई बार आलिया ने दीपिका की कॉपी की है। बता दें कि हाल ही में आलिया ने एक मैग्जीन के लिए फोटोशूट करवाया था, जिसमें उन्होंने सेम ग्रीन कलर का टूल गाउन पहना था जो दीपिका के ड्रेस से काफी मिलता-जुलता था। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स को ये बिल्कुल भी पसंद नहीं आ रहा है कि आलिया दूसरी दीपिका बनने की कोशिश करें।



# ग्रे में दिखीं गॉर्जियस

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ कमाल के लुक्स के लिए भी पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस पैंशन का जलवा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस ने अपनी नई वेब सीरीज दहाड़ के प्रीमियर पर भी खूब स्टाइल दिखाई थी। इस इवेंट में वे ग्रे रंग की ड्रेस में गॉर्जियस नजर आ रही थीं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनके सिंपल से दिखनेवाले ग्रे सूट आउटफिट की कीमत कितनी है? एक मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस के इस आउटफिट की कीमत ३० हजार ५०० रुपए है। ग्रे कलर का यह आउटफिट कोट और कार्गो स्टाइल पैंट का मिक्सचर है। सोनाक्षी का यह लुक इंटरनेट पर भी खूब पसंद किया जा रहा है। सोनाक्षी सिन्हा ने ग्रे आउटफिट में तस्वीरें अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं।



# ७ साल बाद हुई बैठक: ठाणे सेंट्रल जेल के आस-पास १० निर्माण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

ठाणे : ठाणे सेंट्रल जेल के आस-पास १५० मीटर के दायरे में निर्माण व मरम्मत के १० प्रस्तावों को मंगलवार को मंजूरी दे दी गई। साथ ही निर्माणकार्य करते समय नियम और शर्तों का पालन करना जरूरी है, वहीं नियम तोड़नेवालों पर सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी स्थाई सलाहकार समिति ने दी है। वर्ष २०१७ के बाद समिति की यह पहली बैठक है। बता दें कि ठाणे सेंट्रल जेल के आस-पास क्षेत्र में निर्माण और मरम्मत कार्य करने के लिए गृहविभाग ने एक स्थाई सलाहकार समिति की स्थापना वर्ष २०१७ में की थी। हाल ही में मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने स्थाई समिति सलाहकार के साथ बैठक की। इस बैठक में कुल १० बांधकाम व मरम्मत प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसमें पुनर्विकास, नए निर्माण, चर्च की मरम्मत, विस्तारित स्कूल भवन के निर्माण आदि के प्रस्ताव शामिल थे। इससे वर्षों से लंबित निर्माण परियोजनाओं को गति मिलेगी, साथ ही खतरनाक इमारतों में रहनेवाले लोगों के सिर से खतरा हट जाएगा। ठाणे सेंट्रल जेल के बाहरी किनारे की दीवार से १५० मीटर की परिधि में निर्माण की अनुमति देने से २० मीटर के बफर जोन के निर्माण की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही स्थाई सलाहकार समिति जेल में संवेदनशील जगहों की जानकारी देगी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था बरकरार रहे। प्रस्ताव के अनुसार, निरीक्षण के लिए गठित टीम ने सभी प्रस्तावित निर्माण स्थलों का दौरा कर उसके बारे में जानकारी ली, साथ ही ड्रोन द्वारा क्षेत्र का



वीडियो भी बनाया गया है। यह वीडियो इसलिए बनाया गया है कि प्रस्तावित इमारतों की ऊंचाई से जेल का कौन सा हिस्सा देखा जा सकता है। यह सारी जानकारी बैठक में प्रस्ताव के तौर पर पेश की गई। समिति ने प्रत्येक प्रस्ताव पर विचार किया और सर्वसम्मति से सभी प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी। प्रस्तावित निर्माण को जेल से दूरी, डेड वाल नियम, छत के ढलान का कार्य तथा छत पर पहुंच पर रोक संबंधी नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने के बाद ही कब्जा प्रमाण-पत्र दिया जाना चाहिए। साथ ही इस समिति की बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों के निर्माण में यदि जेल अधीक्षक शर्तों का उल्लंघन पाते हैं तो इसकी सूचना मनपा प्रशासन को दें। इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी, ऐसा आयुक्त ने संबंधित विभाग को कहा।

# मौत के मुहाने पर सैकड़ों लोग : मानसून में डुबाएगी वालधुनी नदी !



**जेकेएस संवाददाता**

उल्हासनगर : उल्हासनगर शहर में मनपा प्रशासन की अनदेखी के कारण सैकड़ों लोगों का जीवन खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। वालधुनी नदी के किनारे लोग अपनी जान को खतरे में डाल कर रह रहे हैं, जिन्हें मानसून में वालधुनी नदी द्वारा तबाही मचाने की आशंका सता रही है। मानसून के दौरान जोरदार बारिश होने पर स्थानीय लोगों को उनके आशियाने और परिजनों के बहने का डर सता रहा है। बता दें कि उल्हासनगर में उल्हासनगर कैंप नंबर-३ व विठ्ठलवाडी रेलवे स्टेशन के पास से बहने वाली वालधुनी नदी की मनपा प्रशासन द्वारा लागातर उपेक्षा की जा रही है। इस अनदेखी का नतीजा यह है कि नदी की बाढ़ क्षेत्र को नजर अंदाज कर नदी के किनारे रेणुका सोसायटी, हीराघाट, क्रांति नगर, करोतिया नगर आदि बस्तियां बस गई हैं। इन इलाकों में सैकड़ों लोग नदी के एकदम डूब क्षेत्र में ही घर बना कर रहते हैं। हर साल नदी के किनारे रहनेवाले ऐसे लोग बारिश के दौरान परेशान रहते हैं। उन्हें भय सताता है कि कहीं वे, उनका परिवार और घर नदी की तेज धारा में न बह जाएं। मनपा द्वारा उक्त परिसर की साफ-सफाई न किए जाने को लेकर भी लोग परेशान है। वालधुनी नदी में एक तरफ एमआईडीसी अंबरनाथ की कंपनियों से निकले रसायन व दूसरी तरफ रहिवासियों द्वारा कचरा फेंके जाने के कारण परिसर गंदगी व बदबूमय हो गया है। इस गंदगी के चलते स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। उल्हासनगर मनपा के अतिक्रमण निर्मूलन विभाग के सहायक आयुक्त गणेश शिंपी ने कहा कि उन्हें लोगों के वालधुनी नदी के अंदर घर बनाकर रहने की जानकारी नहीं है। जांच कर और नोटिस जारी करके नदी के किनारे घर बनाने वालों को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट होने की सलाह दी जाएगी, जिससे बरसात में प्रशासन व निवासियों को परेशानी न हो।

# सार्वजनिक शौचालय में शूटिंग! महिलाओं की वीडियो बनानेवाला गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

नई मुंबई : सार्वजनिक शौचालय में महिलाओं की अश्लील वीडियो बनाने का चौंकानेवाला मामला नई मुंबई के एनआरआई पुलिस स्टेशन से सामने आया है। इस मामले में एक युवक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उल्वे में रहनेवाली महिला बुधवार रात करीब साढ़े १२ बजे पति के साथ पाम बीच रोड से घर जा रही थी। इस दौरान महिला को शौच आने पर पति ने मनपा मुख्यालय के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय के बाहर कार रोकी। महिला जब शौचालय में



गई तो बाथरूम के टाइल्स पर मोबाइल फोन की रोशनी दिखाई दी। महिला ने पाया कि बगल के पुरुष शौचालय से कोई उसकी वीडियो बना रहा है। महिला ने तुरंत बाहर आकर इसकी जानकारी अपने पति को दी। १० से १५ मिनट बाद एक युवक बाहर निकला तो वहां जुटे नागरिकों की मदद से उसे वहीं रोककर पुलिस बुलाई गई, जिसके बाद रात १ बजे के करीब युवक को पास के एनआरआई पुलिस स्टेशन ले जाया गया। महिला के पति ने पुलिस स्टेशन में युवक का मोबाइल चेक किया तो पता चला कि उसने उनकी पत्नी के अलावा एक अन्य महिला का भी वीडियो बनाया है। एनआरआई पुलिस स्टेशन में युवक के खिलाफ वीडियो बनाने और विनयभंग का मामला दर्ज किया गया है।

# उत्तन में दीप स्तंभ के निर्माण को गति

भायंदर, नवभारत न्यूज नेटवर्क. पश्चिम उत्तन सागर में दीप स्तंभ (लाइट हाउस) के निर्माण को गति मिली है. इस संबंध में शिवसेना (यूबीटी) सांसद राजन विचारे की 'मेरी टाइम बोर्ड' के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद अण्णा इंस्टीट्यूट चेन्नई के इंजीनियरों ने समुद्री क्षेत्र के चट्टानों का सर्वेक्षण किया और वहां के नमूने जांच के लिए साथ ले गए. जांच के बाद वे अपनी रिपोर्ट मेरी टाइम बोर्ड को भेजेंगे. इसके बाद शीघ्र ही ३ दीप स्तंभ के निर्माण का कार्य शुरू होगा. समुद्री क्षेत्र के चट्टानों के सर्वेक्षण के दौरान अण्णा इंस्टीट्यूट चेन्नई के इंजीनियर सानप तथा उनके सहयोगियों के साथ पूर्व स्थानीय नगरसेवक बर्नड डिमेलो, आल्सन निगरेल, हैमिल्टनअमोलिक, साजन दीनीस, ब्रिनिस्ट बिंडूक आदि मछुआरे साथ थे. समुद्री चट्टानों से मछली पकडने वाली नौकाएं टकराकर क्षतिग्रस्त नहीं हों, इसके लिए वर्षों से भायंदर पश्चिम के अरब सागर में दीपस्तंभ बनाए जाने की मांग स्थानीय मछुआरे कर रहे थे.



# २०० परिवारों की छत छिटकी ! पैगोडा की राह में पैदा कर रहे थे अवरोध

मुंबई: मनपा के अतिक्रमण विरोधी विभाग ने बोरीवली में गोराई की ओर जानेवाली सड़क पर ग्लोबल पैगोडा के पास पुरानी ३२६ झुग्गी-झोपड़ियों को तोड़कर हटा दिया है। मनपा ने इसे बड़ी कार्रवाई बताते हुए इस रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने का दावा किया है। लेकिन इससे यहां लगभग २०० परिवार बेघर हो गए हैं। मनपा के अनुसार ये लोग अपात्र हैं व इनका पुनर्वसन नहीं किया जा सकता है। मनपा की तोड़क कार्रवाई के बाद जिन लोगों का पुनर्वसन संभव नहीं हुआ, वे सभी अब सड़क पर आ गए हैं। इनमें से ज्यादातर परिवार वहीं सड़क के किनारे ही रात गुजार रहे हैं। बता दें कि मनपा को बोरीवली (प.) में पैगोडा के पास मल्हार राव कुलकर्णी रोड पर ३२६ झोपड़ों को लेकर कई शिकायतें मिली थीं, जिसके बाद मनपा ने यहां दो दिन पहले तोड़क कार्रवाई की। तोड़क कार्रवाई के दौरान मनपा ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए ७० पुलिसकर्मियों के साथ २०० कर्मचारियों और ३० अधिकारियों को तैनात किया था। यहां ३२६ झोपड़ों में से मात्र १३३ झोपड़े ही पुनर्वसन के लिए पात्र हुए हैं। इसका मतलब मात्र १३३ लोगों का ही पुनर्वसन होगा।



बाकी के १९२ लोगों का पुनर्वसन नहीं किया जाएगा। मनपा अधिकारी के अनुसार अपात्र लोगों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। प्रक्रिया अभी जारी है। अधिकारी ने बताया कि इन झुग्गियों को हटाने के लिए क्षेत्र के निवासियों की काफी समय से मांग लंबित थी। साथ ही गोराई क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की जरूरत थी। गोराई तट की ओर जानेवाले मार्ग पर एक सौंदर्यीकरण परियोजना भी शुरू की गई है, लेकिन ये झोपड़ियां दृश्य को बाधित कर रही थीं, जिसके परिणामस्वरूप इसे हटाया गया है।

# शक में किया था बीवी का कत्ल

मुंबई : दक्षिण मुंबई के डोंगरी क्षेत्र में मनपा के एक ठेकेदार की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कुछ साल पहले ठेकेदार के पास काम करनेवाले एक मजदूर द्वारा ही हत्या की उक्त वारदात को अंजाम दिए जाने का खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी हाल ही में जेल से छूटा था। इससे पहले उसे अपनी ही पत्नी के कत्ल के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अपने मालिक (ठेकेदार) से नाजायज संबंधों के शक में उसने वर्ष २०१८ में अपनी बीवी को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया था। मिली जानकारी अनुसार, ४५ वर्षीय ठेकेदार वीरेश (बदला हुआ नाम) के पास आरोपी मजदूर कुछ साल पहले काम करता था। मजदूरी के दौरान उसे शक हो गया था कि उसकी बीवी का ठेकेदार के साथ कुछ चक्कर चल रहा है। शक में शैतान बने मजदूर ने बेवफाई के शक में अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया था। उस मामले में गिरफ्तार होने के बाद से वह जेल में ही था। लेकिन वर्षों तक जेल में रहने के बाद भी वह ठेकेदार को भूल नहीं पाया। जेल से छूटने के बाद वह लगातार ठेकेदार को ढूंढ़ता रहा। कल उसका सामना ठेकेदार से हो गया, जिसके बाद आरोपी ने ठेकेदार पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची जेजे मार्ग पुलिस की टीम ने आरोपी मजदूर को हिरासत में लेकर जख्मी ठेकेदार को अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने ठेकेदार को मृत घोषित कर दिया।



# कैसे हो मर्ज का इलाज: एक साल से अस्पताल को है उद्घाटन का इंतजार !

**जेकेएस संवाददाता**

उल्हासनगर : यहां बनकर तैयार एक अस्पताल को उद्घाटन का इंतजार है। यह अस्पताल एक साल से बनकर तैयार है। उल्हासनगर व कल्याण ग्रामीण के साथ ही आस-पास के लोगों को बेहतरीन उपचार मिले, इसके लिए रिजेंसी एंटेलिया व उल्हासनगर मनपा प्रशासन के सहयोग से एक अस्पताल का निर्माण किया गया है। परंतु एक साल हो गए पर इसके उद्घाटन का मुहूर्त ही नहीं बन रहा है? युवासेना (महारलगांव) के शहर अधिकारी निकेत सखाराम व्यवहारे ने बताया कि उल्हासनगर मनपा प्रशासन को इस अस्पताल को जल्द से जल्द शुरू करना चाहिए, जिससे वरप, महारलगांव व कांबा के अलावा अन्य परिसर के गरीब लोगों का उपचार हो सकेगा। इस अस्पताल में कई नेताओं ने दिखावटी दौरा किया, परंतु कोई हल नहीं निकला। मनपा प्रशासन को चाहिए कि इस अस्पताल को जल्द से जल्द शुरू करवाए। उल्हासनगर मनपा की स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अनीता महादेव सपकाले ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया शुरू है। जितना जल्द हो सकेगा, मनपा आयुक्त अजीज शेख की देख-रेख में अस्पताल शुरू किया जाएगा व यहां लोगों का मुफ्त में इलाज किया जाएगा। इस अस्पताल में २०० बिस्तरों की सुविधा है। अस्पताल में जांच के साधन, ऑपरेशन कक्ष, समेत विभिन्न बीमारियों के विभाग बनाए गए हैं। एक वर्ष से डॉक्टर, नर्स, सफाई कर्मचारी, आदि की व्यवस्था मनपा प्रशासन नहीं कर पा रहा है। बीच में हजारों इच्छुक लोगों ने इंटरव्यू के लिए आवेदन किया था। परंतु प्रशासन ने वह भर्ती रद्द कर दी। आज स्थिति यह है कि करोड़ों रुपयों की अस्पताल की साधन सामग्री धूल खा रही हैं। बता दें कि उल्हासनगर में राज्य सरकार द्वारा संचालित २०२ बिस्तरों का एक मध्यवर्ती अस्पताल है। पर वहां जांच व डॉक्टर की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर माह ३०० के करीब मरीजों को मुंबई, ठाणे के अस्पताल में भेजा जाता है।

# मनपा आयुक्त ने किया निरीक्षण नालों का



**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर: मानसून पूर्व नाले सफाई के कार्य का मुआयना करने के लिए मंगलवार को मनपा आयुक्त प्रशासक दिलीप ढोले ने खुद मौके का दौरा किया। जिसमें महाजन वाडी नाला, मीरा गांवठन के बप्पा सीताराम मंदिर, महाविष्णु मंदिर तालाब व नाला, पेनकर पाडा के खोडियार नगर नाला, सुंदर नगर और रेलवे लाइन के समानांतर नाले के सफाई का मुआयना आयुक्त ढोले ने किया। इस अवसर पर मनपा के अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपट्टे, शहर अभियंता दीपक खांबित, कार्यकारी अभियंता नितिन मुकने तथा मनपा के अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। बता दें कि मीरा भायंदर शहर में छोटे बडे.कुल १५० से ज्यादा नाले हैं। मानसून पूर्व मनपा प्रशासन प्रतिवर्ष इन नालों की सफाई पर करोडों रुपए खर्च करती है।इस वर्ष भी नाले सफाई का ठेका ४ करोड.रुपए में आशापुरा इंटरप्राइजेज कंपनी को दिया गया है। इस वर्ष नाले सफाई की शुरुआत १५ अप्रैल से शुरू की गई थी, १० जून तक नाले का शत प्रतिशत सफाई निर्धारित किया गया है। अब तक ६५ प्रतिशत नाले सफाई का दावा मनपा प्रशासन ने किया है। कई नालों के किनारे निकाल कर रखे गए कीचड.की फैल रही दुर्गंध के कारण उसे सूखने पर शीघ्र हटाने, बडे.नाले के आस पास बने अतिक्रमण और बाधक निर्माण को भी तुरंत हटाने का निर्देश आयुक्त ढोले ने दिया।

# मीरारोड का पोस्ट ऑफिस बदहाली की हालत में

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. मीरा रोड पूर्व में रेलवे स्टेशन के पास स्थित डाक का अधीक्षक कार्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है. यहां कार्य करने वाले डाककर्मी अपनी जान मुट्ठी में लेकर कार्य करने को मजबूर हैं. मीरा- भायंदर मनपा प्रशासन ने डाक अधीक्षक कार्यालय की जर्जर इमारत को स्ट्रक्चरल ऑडिट (संरचनात्मक जांच) की नोटिस भी जारी की थी. इसके बावजूद आज भी जर्जर हो चुकी इमारत में ही डाक अधीक्षक कार्यालय कार्यरत है. मनपा प्रशासन प्रति वर्ष मानसून पूर्व शहर के ३० वर्ष से अधिक पुरानी इमारतों को स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने की नोटिस जारी करती है. छत के स्लैब, दीवारों के प्लास्टर टूटे




: इस इमारत में वर्ष १९९६ में पालघर डाक मंडल अधीक्षक कार्यालय शुरू की गई थी. दो मंजिला इस इमारत में नीचे डाकघर और ऊपरी मंजिल पर डाक के प्रशासनिक कार्यालय का संचालन होता है. यहां पर करीब ७० कर्मचारी कार्यरत है. इस कार्यालय का कार्यक्षेत्र मीरारोड से डहाणू और जव्हार तक है. इस संपूर्ण क्षेत्र की जनसंख्या करीब ४५ से ५० लाख है, जबकि कुल कर्मचारियों की संख्या मात्र ९०० है. इतने बडे.क्षेत्र के एकमात्र डाक अधीक्षक कार्यालय की यह इमारत बहुत ही जर्जर अवस्था में पहुंच गई है. जगह-जगह छत के स्लैब, दीवारों के प्लास्टर टूटे और उखडे. हुए, पिलर्स (खंबे) फटे हुए हैं. यहां कार्यरत डाककर्मियों के साथ यहां डाक सेवा के लिए आने वाले लोगों पर भी हमेशा खतरे की तलवार लटकती रहती है. इन सब बातों के बावजूद डाक विभाग के बडे.अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे. मनपा प्रभाग कार्यालय-५ के तत्कालीन सहायक आयुक्त चंद्रकांत बोरसे ने १६ जून २०२२ को स्ट्रक्चरल ऑडिट की नोटिस जारी की थी. डाक विभाग द्वारा इस नोटिस का कोई जवाब नहीं दिए जाने के बाद उन्हें पुन: १ अगस्त २०२२ को दूसरी नोटिस जारी की, जिसमें कोई जीवित हानि होने पर विभाग को ही जिम्मेदार मानने की बात कही गई थी. इसके बावजूद इसी इमारत में कर्मी कार्य करने को मजबूर हैं.

# पंप द्वारा पानी खींचा तो होगी दंडात्मक कार्रवाई

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर मनपा के मुख्य जलवाहिनी से पंप द्वारा पानी खींचने पर अब दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर ने दी है. हाल ही में बहुत से गृह निर्माण संस्थाओं द्वारा मनपा की जलवाहिनी से विद्युत पंप लगाकर अवैध रूप से पानी खींचने की बात सामने आई थी. इस वजह से बहुत से सोसायटियों में कम दबाव से पानी आपूर्ति होने की शिकायतें आ रही थी. आयुक्त- प्रशासक दिलीप ढोले के निर्देश पर मनपा क्षेत्र में अवैध रूप से पानी खींचने वाले विद्युत पंप को जब्त करने की मुहिम ९ मई से १२ मई के बीच शुरू की गई थी. इस मुहिम में यह बात सामने आई कि शहर के जिस परिसर के इमारतों में विद्युत पंप लगाकर पानी खींचा जाता था, उन परिसरों दूसरे इमारतों में पानी कम दबाव से व कम मात्रा में आपूर्ति होती थी, जिससे कृत्रिम पानी समस्या निर्माण हो रही थी और शहर के पानी वितरण व्यवस्था पर विपरीत परिणाम हो रहा था, इसलिए विद्युत पंप लगाए गए सोसाइटियों के ऊपर कडी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है. अब जिन सोसाइटियों या गृह निर्माण संस्थाओं द्वारा विद्युत पंप लगाकर पानी खींचा जाएगा, उनके पंप जब्त कर लिए जाएंगे और उनसे भविष्य में ऐसा नहीं करने का शपथ पत्र भी लिया जाएगा तथा उनके इमारत की सभी नल कनेक्शन खंडित कर प्रति विद्युत पंप ५० हजार रुपए दंड वसूले जाने की चेतावनी दी गई है.

# शौचालय की हुई हालत खराब जनता हुई परेशान

मीरा भायंदर की झोपड़पट्टियों और स्लम क्षेत्रों में एमबीएमसी द्वारा बनाए गए शौचालयों की हालत जर्जर हो चुकी है. इन क्षेत्रों में हमेशा शौचालय को लेकर समस्या रहती है. इन समस्याओं की वजह से यहां के स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड.रहा है. इस संबंध में बीजेपी की तरफ से मनपा आयुक्त- प्रशासक दिलीप ढोले को निवेदन सौंपा गया है, जिसमें इन शौचालयों की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है. भायंदर (पश्चिम) स्थित जय अंबे नगर, गणेश देवोल नगर, गणेश क्रांति नगर, नेहरू नगर, लाल बहादुर शास्त्री नगर परिसर के शौचालयों की हालत काफी खराब है. इन शौचालयों की समस्याओं के लिए निवर्तमान नगरसेवक पंकज पांडेय ( दरोगा ) ने मनपा आयुक्त को कई बार लिखित शिकायत की थी, लेकिन अभी तक उन समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो पाया है. बुधवार को बीजेपी जिला अध्यक्ष एड. रवि व्यास के नेतृत्व में पंकज पांडेय ने मनपा आयुक्त से मिल इस समस्याओं के समाधान के लिये निवेदन दिया है. स्थानीय लोगों को इस समस्या से शीघ्र छुटकारा दिलाने की मांग की है. मनपा आयुक्त ढोले ने दो दिन में इन समस्याओं का हल निकालने का आश्वासन दिया है. इस अवसर पर निवर्तमान नगरसेवक सुरेश खंडेलवाल, नगरसेविका रीटा शाह एवं स्थानीय लोग भी मौजूद थे.

# निलंबित सिपाही ने लगाया महिला कांस्टेबल पर आरोप

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत काशीमीरा पुलिस थाने में कार्यरत एक महिला कांस्टेबल के खिलाफ प्रेम सागर वाघ नामक पुलिस कांस्टेबल ने नया नगर पुलिस थाने में दलित उत्पीडऩ का केस दर्ज कराया है. हालांकि इस प्रकरण में अभी महिला कांस्टेबल की गिरफ्तारी नहीं की गई है. दोनों ही कांस्टेबल नवघर पुलिस थाने में वर्ष २०२१ में साथ में कार्यरत थे. उस दौरान महिला कांस्टेबल ने वाघ पर बलात्कार का केस दर्ज कराया था, जिसमें वाघ को निलंबित कर दिया गया था. नवघर पुलिस थाने में दर्ज किया गया बलात्कार का केस झूठा है, इसे रद्द करें, इस आशय की याचिका पुलिस कांस्टेबल वाघ ने मुंबई उच्च न्यायालय में दाखिल की है. यह प्रकरण अभी उच्च न्यायालय में लंबित है. २१ अप्रैल २०२२ में भी वाघ को धमकी और गाली-गलौज करने के प्रकरण इस महिला कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. महिला कांस्टेबल ने वाघ और उसके परिजनों के खिलाफ वरिष्ट अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से झूठी शिकायत कर उसे मानसिक रूप से परेशान किया, जिसकी शिकायत वाघ ने नयानगर पुलिस में की, जिसके बाद इस महिला कांस्टेबल पर केस दर्ज किया गया

# मोटरसाइकिल चोर चढ़े पुलिस हत्थे

नई मुंबई। नई मुंबई शहर में मोटरसाइकिलों की बढ़ती हुई चोरी के मामलों के बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नेरुल पुलिस थाने की अपराध शाखा की पुलिस टीम ने तीन मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है। बुलेट और पल्सर बाइक इनकी पहली पसंद थीं। मिली जानकारी के अनुसार, नेरुल इलाके में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी जानकारियों की मदद से तीन लोगों को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने शहर के भिन्न-भिन्न इलाके से कुल २० मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की है। पुलिस ने बाइक चोरों के पास से सभी मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। बताया जाता है कि बुलेट तथा पल्सर २२० एफ बाइक चोरों की पहली पसंद थी। उक्त मामले में पुलिस ने बीस बाइक चोरी का खुलासा किया है।



# शहर में अदालत खुलने मे देरी, अभी तक नहीं मिली ओसी

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : मीरा-भाईंदर शहर का स्वतंत्र न्यायालय बनाने का काम मीरा रोड के कनकिया परिसर में पिछले करीब सात वर्षों से जारी है। कोविड महामारी में जहां इसका निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा था, लेकिन कोरोना काल खत्म होने के बाद भी रफ्तार सुस्त ही है। बस तारीख पर तारीख मिल रही है। लोगों की मानें तो जिस रफ्तार से काम चल रहा है, उस हिसाब से अभी भी न्यायालय शुरू होने में कई और महीने लगने के आसार दिख रहे हैं। बता दें कि मीरा-भाईंदर शहर की आबादी १४ से १५ लाख के करीब है और इतनी बड़ी आबादी के लिए एक स्वतंत्र न्यायालय की मांग शहर के वकील काफी दिनों से कर रहेथे, परंतु यह सपना जल्द साकार होता दिखाई नहीं पड़ रहा है। मीरा रोड में बनने वाले न्यायालय में ६ कोर्ट रूम, एक महिला अधिवक्ता बार रूम,



एक पुरुष अधिवक्ता बार रूम, दोनों के लिए एक-एक टिफिन रूम बनाया जाएगा। कोर्ट के पिछले हिस्से में न्यायाधीश को रहने के लिए आवास बनाए जाएंगे। न्यायालय शुरू होने पर शुरुआत में यहां ६ न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाएगी। तत्काल यहां प्रथम वर्ग न्याय दंडाधिकारी (जेएमएफसी) व कनिष्ट स्तर के दीवानी न्यायालय के केस को देखा जाएगा। सेशन कोर्ट के मामलों के लिए ठाणे जाना पड़ेगा। मीरा-भाईंदर का कोर्ट ठाणे में होने के कारण छोटे-छोटे मामलों के लिए लोगों का पूरा दिन खराब हो जाता है। यहां न्यायालय शुरू होने से छोटे-मोटे मामलों का हल यहीं हो जाएगा, जिससे जनता, पुलिस व अधिवक्ता तीनों का समय बचेगा। मीरा-भाईंदर एडवोकेट एसोसिएशन संस्था के सचिव एड. प्रवीण एच. पाटील ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि तत्काल कोर्ट शुरू होना जरूरी है। हमने मनपा प्रशासन से एक ऐसे भूखंड को आरक्षित करने की मांग की है, जिसे भविष्य में जेल (कारागार) बनाया जा सके, ताकि स्थानीय वैंदी को हर तारीख पर ठाणे जेल से लाने-ले जाने की समस्या न हो।

# दवाओं के गुणवत्ता और रेट पर सरकार का नियंत्रण होना चाहिए - डॉ. कुटे



मीरा रोड : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मीरा-भायंदर द्वारा रविवार को जीसीसी क्लब में एम.बी. कॉन २०२३ का आयोजन किया गया था. इस आयोजन के संयोजक डॉ. राजीव अग्रवाल और सह संयोजिका डॉ. राखी अग्रवाल थी. इस मौके पर आयोजित पत्रकार परिषद के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आईएमए के महाराष्ट्र राज्य अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुटे ने कहा कि वर्तमान में भारत मधुमेह, कैंसर, हृदय रोग जैसे बीमारियों का हब बन गया है. समाज के हर वर्ग में इन बीमारियों के मरीज हैं. जिन्हें इन बीमारियों से संबंधित दवाओं का निरंतर प्रयोग करना पडता है. इन दवाइयों के गुणवत्ता और रेट (दर) पर सरकार को नियंत्रण करना चाहिए. ऐसे बीमारियों की दवाओं पर सब्सिडी दी जानी चाहिए, देश में प्रतिवर्ष ४०% मरीज इन बीमारियों से ग्रस्त पाए जाते हैं. एम.बी. कॉन २०२३ का आयोजन मेडिकल क्षेत्र में होने वाले बदलाव, नई-नई तकनीकी, नई दवाइयों नई बीमारियों, ऑपरेशन आदि की नई तकनीकी, विश्व स्तर पर मेडिकल के क्षेत्र में होने वाली नई-नई शोध, नए नियमों आदि के बारे में समय-समय पर सदस्य डॉक्टरों को देने के लिए की जाती है, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर बारीकी से सभी का मार्गदर्शन करते हैं. साथ एसोसिएशन द्वारा संपूर्ण देश में किए जा रहे सामाजिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों में अपने-अपने ब्रांच के उपलब्धियों की जानकारी सभी सदस्य तक पहुंचाई जाती है. मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रवि वानखेडकर, डॉ. मिलिंद नाईक, डॉ अनिल पाचनेकर, डॉ. आनंद काटे, डॉ. अनिल लद्धड.थे.

# समीर वानखेड़े पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई। आर्यन खान क्रूज ड्रग्स मामले से संबंधित भ्रष्ठाचार के एक मामले में मुंबई एनसीबी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े और तीन अन्य के खिलाफ सीबीआई ने मामला दर्ज किया है। इसी मामले में मुंबई, दिल्ली, रांची और कानपुर में २९ ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी भी की है। बता दें कि समीर वानखेड़े मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के निदेशक थे। उस समय क्रूज ड्रग्स मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में आर्यन खान को लगभग एक महीने जेल में भी बिताने पड़े थे। आर्यन को मई २०२२ में एंटी-ड्रग्स एजेंसी ने ॲपर्याप्त सबूतों के अभाव में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया था। अब सीबीआई ने वानखेड़े पर शाहरुख खान के परिवार से २५ करोड़ रुपए मांगने और उसमें से ५० लाख रुपए लेने का आरोप लगा है। इस मामले में सीबीआई ने वानखेड़े और तीन अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर मुंबई, दिल्ली, रांची और कानपुर में २९ ठिकानों पर छापेमारी की है। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई शुरू थी।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI